## दिनांक 28.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर के परिक्षेत्राधीन पूर्वी तटबंध प्रमंडल, वीरपुर अंतर्गत कटाव निरोधक कार्य A.E. work from km 24.00 to 32.00 of EAB (एजेण्डा संख्या–EAB/B/03/2026) (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01SBD/2025-26, Gr.-2) के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर विचारार्थ दिनांक–28.01.2026 आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लिया:–

i. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
ii. श्री वरूण कुमार, अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।
iii. श्री संजीव शैलेश, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर।
iv. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

**2. तकनीकी बीड की विवरणी :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i | प्रमण्डल का नाम | :– | पूर्वी तटबंध प्रमंडल, वीरपुर |
| ii | कार्य का नाम | :– | A.E. work from km 24.00 to 32.00 of EAB (एजेण्डा संख्या– EAB/B/03/2026) |
| iii | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | :– | रु0 220.45 लाख |
| iv | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग | :– | पत्रांक–5168 दिनांक 31.12.2025 |
| v | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :– | रु0 219.38547 लाख |
| vi | निविदा सूचना संख्या | :– | 01SBD/2025-26, ग्रुप सं0–02, दिनांक–13.12.2025 |
| vii | निविदा प्रकाशन का विवरण | :– | दैनिक जागरण, दिनांक–19.12.2025 (PR-019799 (WRD) 2025-26) |
| viii | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | 29.12.2025 |
| ix | प्राप्त निविदा की संख्या | :– | 02 (दो) अदद |
| x | निविदा की प्रक्रिया | :– | ई–टेंडरिंग |
| xi | तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की बैठक | :– | 27.01.2026 |

उक्त कार्य के संदर्भ में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर के स्तर पर गठित निविदा समिति के द्वारा दिनांक–19.01.2026 को संपन्न बैठक में विषयांकित निविदा पर विचार किया गया, जिसमें समिति के द्वारा समीक्षोपरांत स्थिति निम्नवत् प्रतिवेदित किया गया है:–

(i) **गोविन्द कुमार झा, वार्ड नं0–13, अररिया संग्राम, मधुबनी:**–ये तकनीकी बीड की वाँछित अहर्ता को पूर्ण करते हैं।

(ii) **रमेश कुमार यादव, लौकही–01, सुनसरी, नेपाल:**– इनके द्वारा Bid Capacity के गणना हेतु Existing Commitments से संबंधित साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है। ये तकनीकी बीड की वाँछित अहर्ता को पूर्ण नहीं करते हैं।

उक्त के आलोक में इस निविदा में वित्तीय बोली (Financial Bid) के मूल्यांकण हेतु एकल सफल निविदादाता होने एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना सं0–3162(S) पटना दिनांक–09.05.2016 के आलोक में एकल निविदा निस्तार करने हेतु विभागीय अनुमोदन प्राप्त होने (विभागीय पत्रांक–4717 दिनांक–12.12.2025 द्वारा संसूचित) के कारण विषयक निविदा को विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किये जाने हेतु मुख्य अभियंता, वीरपुर द्वारा निविदा अभिलेख आदि समर्पित किया गया है।

**3. तकनीकी बीड की समीक्षा:–**

मुख्य अभियंता, वीरपुर के पत्रांक–268 दिनांक–19.01.2026 से प्राप्त उपर्युक्त कार्य की निविदा अभिलेख एवं तुलनात्मक विवरणी के आधार पर समीक्षोपरान्त निविदादाताओं की स्थिति निम्नवत है:–

(i) **गोविन्द कुमार झा, वार्ड नं0–13, अररिया संग्राम, मधुबनी:**–ये तकनीकी बीड की वाँछित अहर्ता पूर्ण करते हैं।

(ii) **रमेश कुमार यादव, लौकही–01, सुनसरी, नेपाल:**– इनके द्वारा निविदा अभिलेख के ITB के कंडिका 4.7 के अन्तर्गत Existing Commitment and Ongoing Works के संबंध में E/I से प्रतिहस्ताक्षरित वाँछित प्रमाण पत्र/एकरारनामा/कार्यावंटन आदेश जिसमें कार्य की राशि सम्मिलित हो, संलग्न नहीं किया गया है, जिस कारण इनके Bid Capacity की वास्तविक गणना संभव नहीं है। अतः ये तकनीकी बीड की वाँछित अहर्ता को पूर्ण नहीं करते हैं।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

उपर्युक्त कंडिका–3 पर की गयी समीक्षा के आलोक में विभागीय निविदा समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर को तकनीकी बीड में सफल निविदादाता **गोविन्द कुमार झा, वार्ड नं0–13, अररिया संग्राम, मधुबनी** से इस आशय की सहमति कि ''यदि संवेदक द्वारा उद्धृत दर, परिमाण विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे यह कार्य परिमाण विपत्र की दर/वार्तालापित दर पर करने के लिए सहमत होंगे'' लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर नियमानुसार कार्य आवंटित करने हेतु प्राधिकृत किया गया।

28/01/26
(संजीव शैलेश)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, वीरपुर

(अरविन्द कुमार शर्मा)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

28/01/2026
(वरूण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना

28/1/26
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांकः–बाढ़(मो0)सिं0नि0–46/2026–अंश 402 पटना/दिनांकः– 28-01-2026

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, वीरपुर को सभी निविदा अभिलेखों/कागजातों के साथ सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक–786 दिनांक–06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनश्चित की जाय।

अनु0ः–यथावत्।

28/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता, बाढ़(मो0)

पत्रांकः–बाढ़(मो0)सिं0नि0–46/2026–अंश 402 पटना/दिनांकः– 28-01-2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

28/1/26
(विवेक गौरव)
अधीक्षण अभियंता, बाढ़(मो0)